कार्यालय प्रधानाचार्य, बी0 आर0 डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

संख्या /बीआरजी/एमसी–24/ईसी–1 दिनांकः 23 दिसम्बर, 2024

विज्ञप्ति/सूचना

बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर के विभिन्न विभागों में सृजित सीनियर रेजीडेन्ट के पदों को भरे जाने हेतु वेतनमान 15600–39100 ग्रेड–पे 6600 पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स 67700–208700 में आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमन्त्रित किये जाते हैं। इन पदों पर चयन वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-interview) के माध्यम से दिनांक 31.12.2024 दिन मंगलवार को होना सुनिश्चित है। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ कालेज कमेटी कक्ष, प्रधानाचार्य कार्यालय मेडिकल कालेज, गोरखपुर में समय प्रातः10:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। विशिष्टतावार रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार के दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्वा प्रमाणित) छायाप्रतियों का एक सेट बायोडाटा सहित लायेंगे। पदो का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	विषिश्टता का नाम	रिक्त पद	सीनियर रेजिडेन्ट				
			SC	UR	OBC	EWS	ST
1	आर्थोपेडिक्स	5	2	2	1	--	--
2	आपथमोलोजी	2	--	1	1	--	--
3	आब्स एवं गायनी	3	1	1	--	1	--
4	डेन्टल सर्जरी	1	—	—	1	—	—
5	एनेस्थीसिया	21	5	7	7	2	--
6	आटो–राइनो लैरिंगोलॉजी	2	--	1	1	--	--
7	सामान्य मेडिसिन	6	1	2	2	1	--
8	सामान्य सर्जरी	9	2	3	3	1	--
9	टी0बी0 एण्ड चेस्ट	2	1	1	--	--	--
10	स्कीन एण्ड वी0डी0	2	--	1	1	--	--
11	रेडियोडाग्नोसिस	3	1	--	1	1	--
12	साइकियाट्रिक	1	1	--	--	--	--
कुल योग		57	14	19	18	06	00

नियम एवं शर्तेः–

1. उक्त पदों पर चयन एम0डी0/एम0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से किया जायेगा तथा अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक न हो ।
2. अभ्यर्थियों के चयन आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियो को आयु में शासकीय नियमानुसार छुट प्रदान की जाएगी। पद रिक्त होने की दशा में प्रत्येक माह में मंगलवार को कार्यदिवस के दिन चयन की कार्यवाही की जाएगी।
   नोट– आवेदन पत्र का पता– प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
3. आवदेन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की स्व प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति होना आवश्यक है। 1.हाई स्कूल प्रमाण–पत्र 2.एम0बी0बी0एस0 डिग्री 3.एम0डी0/एस0एस0 उत्तीर्ण प्रमाण पत्र 4 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र 5. आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र 6. अनुभव यदि कोई हो।
4. पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है ।

प्रधानाचार्य
बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज
गोरखपुर।

Scanned with OKEN Scanner

संख्या– 124 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण जवाहर भवन, छठा तल, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
3. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, आजमगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर, बदायूं को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उक्त सूचना को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी अधिकारी–वेबसाइट, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट **www.brdmc.ac.in** पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
5. कालेज/चिकित्सालय नोटिस बोर्ड/सूचना पट्ट।

प्रधानाचार्य
बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज
गोरखपुर।

Scanned with OKEN Scanner